मुझे बांसुरी के कान्हा सातों ही सुर तू दे दे लिरिक्स

मुझे बांसुरी के कान्हा,
सातों ही सुर तू दे दे,
तेरी महिमा दिल से गाउँ,
मुझे ऐसा वर तू दे दे,
जी चाहे मैं भी तुझसे,
गीता का सार जानु,
तेरी करुणा मुझपे बरसे,
तेरा ही नाम जापु,
जहाँ है तेरा बसेरा,
मुझे ऐसा घर तू दे दे,
मुझे बाँसुरी के कान्हा,
सातों ही सुर तू दे दे,
तेरी महिमा दिल से गाउँ,
मुझे ऐसा वर तू दे दे।bd।

देखे – बंसी बजा के कान्हा।

मेरे मुख से हर समय ही,
बस हरि नाम निकले,
तेरे सुर से सुर मिलाऊँ तो,
तेरा ही नाम निकले,
आ जाए तू भी सुनकर,
ऐसा असर तू दे दे,
मुझे बाँसुरी के कान्हा,
सातों ही सुर तू दे दे,
तेरी महिमा दिल से गाउँ,
मुझे ऐसा वर तू दे दे।bd।

नाही सूर नाही मीरा,
रसखान भी नहीं मैं,
भक्ति के धन से इतना,
धनवान भी नहीं मैं,
पहचान लूँ तुझे मैं,
ऐसी नज़र तू दे दे,
मुझे बाँसुरी के कान्हा,
सातों ही सुर तू दे दे,
तेरी महिमा दिल से गाउँ,
मुझे ऐसा वर तू दे दे।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ओ भगवन तुम्हे कैसे पुकारे,
जो तुम आओ निकट हमारे,
अश्रु बहे है भक्ति भाव के,
जब जब जापे नाम तिहारे,
मेरे हृदय में शमन करो तुम,
अपने पास बुला लो कान्हा,
झूठे जग से ना मिला मुझे कुछ,
अब बस चाहूँ प्रेम तुम्हारा।bd।

हरे कृष्ण हरे कृष्ण,
कृष्ण कृष्ण हरे हरे ,
हरे राम हरे राम,
राम राम हरे हरे।bd।

मुझे बांसुरी के कान्हा,
सातों ही सुर तू दे दे,
तेरी महिमा दिल से गाउँ,
मुझे ऐसा वर तू दे दे,
जी चाहे मैं भी तुझसे,
गीता का सार जानु,
तेरी करुणा मुझपे बरसे,
तेरा ही नाम जापु,
जहाँ है तेरा बसेरा,
मुझे ऐसा घर तू दे दे,
मुझे बाँसुरी के कान्हा,
सातों ही सुर तू दे दे,
तेरी महिमा दिल से गाउँ,
मुझे ऐसा वर तू दे दे।bd।

Singer – Shivam Chaurasia / Yashi Parihar

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com